महिलाओं के लिये व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम

[स्रोत: द हिंदू](#)

फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज़ ऑफ इंडिया (FOGSI) ने **महिलाओं के लिये** एक व्यापक **टीकाकरण कार्यक्रम** शुरू किया है जिसका उद्देश्य समग्र भारत में वयस्क नागरिकों को टीकाकरण के बारे में जागरूक करना है। चूँकि**पुरुषों की अपेक्षा, महिलाएँ 25% अधिक समय अस्वस्थता में जीवन निर्वाह करती हैं** इसलिये इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य की गुणवत्ता में सुधार करना है।

- यह पहल महिलाओं की [वैक्सीन-निवारय रोगों](#) **(Vaccine-Preventable Diseases- VPD)** से रक्षा करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।
  - VPD **जीवाणु या विषाणु** के कारण होते हैं और टीकों से इनकी रोकथाम की जा सकती है। इनके कारण दीर्घकालिक व्याधि और मृत्यु भी हो सकती है। **चिकिनपॉक्स**, डिप्थीरिया और [पोलियोवायरस संक्रमण](#) VPD के प्रमुख उदाहरण हैं।
- भारत सरकार ने **देश में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिये** दो व्यापक पहल की हैं।
  - **यूनिवर्सल इम्यूनाइज़ेशन प्रोग्राम (UIP)** में 12 वैक्सीन-निवारय रोगों के निदान के लिये निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है, जिसमें **[डिप्थीरिया](#), [पर्टुसिस](#), टेटनस, पोलियो, [खसरा](#), [रूबेला](#), [क्षय रोग](#), [हेपेटाइटिस बी](#)** और **[illegible]** के कारण होने वाले [मेनिन्जाइटिस](#) तथा [निमोनिया](#) जैसी **9 राष्ट्रीय स्तर पर लक्षित बीमारियाँ** शामिल हैं।
  - इसके अतिरिक्त, UIP के तहत टीकाकरण से छूटे बच्चों के टीकाकरण के लिये वर्ष 2014 में **मिशन इंद्रधनुष** की शुरुआत की गई थी। इसके **चार चरणों** के माध्यम से **2.53 करोड़** से **अधिक बच्चों** और **68 लाख गर्भवती महिलाओं** को जीवन रक्षक टीके लगाए गए।
- FOGSI स्वास्थ्य सेवाओं, प्रजनन संबंधी अधिकारों को बढ़ावा देने और [मातृ मृत्यु दर](#) को कम करने के माध्यम से भारत में प्रसूति तथा स्त्री रोग चिकित्सकों का समर्थन करता है।

और पढ़ें: [वैश्विक टीकाकरण पर WHO की रिपोर्ट](#), [आधुनिक टीकों की स्थायित्व की खोज](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/comprehensive-immunisation-schedule-for-women